# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 7.6.26 | 4 | 1-5 |

# पेड़ लगाएं, पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं : काम्बोज

- हकृवि में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लगाए पौधे
- विवि के कर्मचारियों को अधिक पौधे लगाने के लिए किया प्रेरित

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान वं पर्यावरण दिवस के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने अमलतास का पौधा रोपित करके उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस अभियान के तहत अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया।



पौधरोपण करते हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज • जागरण

कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना तथा जन भागीदारी के माध्यम से वृहद स्तर पर पौधारोपण करना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान मां के नाम पर पेड़ लगाने और स्थाई स्मृति बनाने का प्रयास है, जो पर्यावरण की रक्षा करेगा और एक हरे भविष्य के निर्माण में योगदान देगा। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. अजय कुमार वशिष्ट ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखना भी है। कार्यक्रम के आयोजक डा. अनिल सरोहा ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डा. इस कार्यक्रम में अरविन्द मलिक व उनकी टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 7.6.26 | 5 | 1-7 |


# पेड़ लगाएं, पर्यावरण को स्वच्छ बनाएंः प्रो. काम्बोज

हिसार, 6 जून (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान व पर्यावरण दिवस के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने अमलतास का पौधा रोपित करके उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना तथा जन भागीदारी के माध्यम से वृहद स्तर पर पौधारोपण करना है। 'एक पेड़ मां के नाम' एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। कार्यक्रम के आयोजन में भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द मलिक व उनकी टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



पौधरोपण करते हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 7-6-26 | 12 | 7-8 |

## पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं : प्रो. काम्बोज



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर म्बोज ने अमलतास का पौधा रोपित करके उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस अभियान के तहत अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना तथा जन भागीदारी के माध्यम से वृहद स्तर पर पौधारोपण करना है। 'एक पेड़ मां के नाम' एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर पेड़ लगाना और एक स्थाई स्मृति बनाना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। इस अवसर पर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय कुमारव कार्यक्रम के आयोजक डॉ अनिल सरोहा भी मौजूद थे। कार्यक्रम के आयोजन में भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द मलिक व उनकी टीम ने भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 7-6.26 | 5 | 1-3 |

# पेड़ लगाएं, पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 6 जून (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान व पर्यावरण दिवस के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। । इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज नें अमलतास का पौधा रोपित करके उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस अभियान के तहत अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना तथा जन भागीदारी के माध्यम से वृहद स्तर पर पौधारोपण करना है। 'एक पेड़ मां के नाम' एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर पेड़ लगाना और एक स्थाई स्मृति बनाना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे हमारे सबसे अच्छे मित्र हैं। जो वातावरण को हरा-भरा और सुंदर बनाते हैं। पेड़ हमें सांस लेने के लिए शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड सोखते हैं। पेड़ अपने आसपास के वातावरण को ठंडा रखते हैं और धरती का तापमान नियंत्रित करते हैं। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय कुनार वशिष्ट ने बताया क़ि इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखना भी है। पौधारोपण से ही स्वच्छ, स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण की नींव रखी जाती है। उन्होंने बताया क़ि पौधारोपण एक छोटा कदम है लेकिन इसका प्रभाव बहुत बड़ा है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ अनिल सरोहा ने बताया कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। वे हमें हवा, भोजन, औषधि और पर्यावरण संतुलन प्रदान करते हैं, इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन में भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द मलिक व उनकी टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



पौधारोपण करते हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 07.06.2026 | ----- | ---- |

# पेड़ लगाएं, पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं: प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

-पाठकपक्ष न्यूज-

हिसार, 7 जून : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान व पर्यावरण दिवस के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने अमलतास का पौधा रोपित करके उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस अभियान के तहत् अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना तथा जन भागीदारी के माध्यम से वृहद स्तर पर पौधारोपण करना है। 'एक पेड़ मां के नाम' एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर पेड़ लगाना और एक स्थाई स्मृति बनाना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे हमारे सबसे अच्छे मित्र हैं। जो वातावरण को हरा-भरा और सुंदर बनाते हैं। पेड़ हमें सांस लेने के लिए शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड सोखते हैं। पेड़ अपने आसपास के वातावरण को ठंडा रखते हैं और



धरती का तापमान नियंत्रित करते हैं । कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय कुमार वशिष्ट ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखना भी है। पौधारोपण से ही स्वच्छ, स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण की नींव रखी जाती है। उन्होंने बताया कि पौधारोपण एक छोटा कदम है लेकिन इसका प्रभाव बहुत बड़ा है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ अनिल सरोहा ने बताया कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। वे हमें हवा, भोजन, औषधि और पर्यावरण संतुलन प्रदान करते हैं, इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन में भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द मलिक व उनकी टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पाठक पक्ष | 06.06.2026 | ----- | ---- |


# पर्यावरण संरक्षण करके आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित बनाए : प्रो. बलदेव राज काम्बोज

## हकृवि में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 6 जून :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल्पना चावला एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला छात्रावास में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बॉटल पाम का पौधारोपण किया, साथ ही कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षाविदें, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को प्रण लेकर अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए भी प्रेरित भी किया। छात्राओं ने भी पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली। इस विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशालय एवं भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराने के लिए प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारियों का स्मरण करने का अवसर भी है। पौधारोपण हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। पेड़-पौधे ऑक्सीजन का स्रोत होने के साथ साथ पर्यावरण संतुलन, वर्षा में सहायक, मिट्टी व जैव विविधता का संरक्षण, तापमान नियंत्रण, आर्थिक एवं सामाजिक लाभ देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुलपति ने प्लास्टिक का उपयोग कम करने का आह्वान करते हुए कहा कि कपड़े या जूट के थैलों का प्रयोग करें ताकि पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाया जा सके। ऊर्जा की बचत करें तथा आवश्यकता न होने पर बिजली के उपकरणों को बंद रखें।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार और संस्थाओं का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि एक स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज, समृद्ध राष्ट्र और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ अरविंद मलिक ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि बारिश के मौसम में विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए जाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 06.06.2026 | ----- | ---- |

# 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत एचएयू में किया पौधरोपण



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान व पर्यावरण दिवस के तहत पौधारोपण किया गया। कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने अमलतास का पौधा रोपित करके अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया।

प्रो. काम्बोज ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना तथा जन भागीदारी के माध्यम से वृहद स्तर पर पौधारोपण करना है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे हमारे सबसे अच्छे मित्र हैं। जो वातावरण को हरा-भरा और सुंदर बनाते हैं।

कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय कुमार वशिष्ट ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखना भी है। पौधारोपण से ही स्वच्छ, स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण की नींव रखी जाती है। उन्होंने बताया कि पौधारोपण एक छोटा कदम है लेकिन इसका प्रभाव बहुत बड़ा है।

आयोजक डॉ अनिल सरोहा ने बताया कि पेड़-पौधे हमें हवा, भोजन, औषधि और पर्यावरण संतुलन प्रदान करते हैं, इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन में भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द मलिक व उनकी टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पौधरोपण करके भाविप केशव शाखा ने पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। भारत विकास परिषद केशव शाखा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रांतीय संयोजक (पर्यावरण) मानिक मित्तल और जिला आयोजक पर्यावरण गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डॉ. सुनील कुमार की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. विवेक कुमार सैनी की देखरेख में नीम के पौधों का रोपण किया गया और उनके संरक्षण हेतु ट्री गार्ड लगाए गए। केशव शाखा की ओर से अध्यक्षा अनुपमा अग्रवाल, महिला गतिविधि संयोजक मीनाक्षी शर्मा, सविता जैन और गतिविधि संयोजक पर्यावरण दीपक गौतम, राकेश शर्मा, अशोक वर्मा, मनीष गुप्ता, परवीन बिश्नोई इस मौके पर मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| नभ छोर | 06.06.2026 | ----- | ---- |

# हकृवि में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत लगाए पौधे



नभ-छोर न्यूज ⏭ 06 जून

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान व पर्यावरण दिवस के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने अमलतास का पौधा रोपित करके उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस अभियान के तहत अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना तथा जन भागीदारी के माध्यम से वृहद स्तर पर पौधारोपण करना है। एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर पौधे लगाना और एक स्थाई स्मृति बनाना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय कुमार वशिष्ट ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखना भी है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ अनिल सरोहा ने बताया कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। वे हमें हवा, भोजन, औषधि और पर्यावरण संतुलन प्रदान करते हैं, इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन में भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द मलिक व उनकी टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।